Australian Government
Department of Health and Aged Care



# वृद्ध देखभाल गृहों में देखभाल के मिनट

**हरेक वृद्ध देखभाल गृह के लिए यह अनिवार्य है कि वह गृह में रहने वाले सभी लोगों को निश्चित मात्रा में देखभाल का समय उपलब्ध कराए। यह आवश्यक है कि इस देखभाल को पंजीकृत नर्सों, नामांकित नर्सों, व्यक्तिगत देखभालकर्मियों और नर्सिंग सहायकों द्वारा उपलब्ध कराया जाए। इसे देखभाल मिनट जिम्मेदारी कहा जाता है।**

## क्या परिवर्तन किया गया है?

2021 में Aged Care Quality and Safety के लिए रॉयल कमीशन (Royal Commission) ने सिफारिश की कि हरेक वृद्ध देखभाल गृह के पास अपने निवासियों की आवश्यकताओं के आधार पर देखभाल मिनटों की जिम्मेदारी होनी चाहिए। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने ये देखभाल मिनट 1 अक्टूबर 2023 से अनिवार्य बना दिए हैं।

## यह महत्वपूर्ण क्यों है?

Royal Commission ने इस बात की पहचान की कि ऑस्ट्रेलिया में वृद्ध लोगों को प्राप्त होने वाली आवासीय देखभाल की गुणवत्ता में स्टाफिंग के स्तर अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। अनिवार्य देखभाल मिनटों का अर्थ है कि पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में जो लोग वृद्ध देखभाल गृहों में रहते हैं, उन्हें व्यक्तिगत और नैदानिक देखभाल बेहतर रूप से सुलभ होगी।

## हरेक व्यक्ति को कितनी देखभाल उपलब्ध रहेगी?

औसत रूप से वृद्ध देखभाल गृह में रहने वाले लोगों को हरेक दिन 215 मिनटों की देखभाल प्राप्त होगी, जिसमें से कम से कम 44 मिनट पंजीकृत नर्स द्वारा शामिल हैं। देखभाल का यह पूरा समय आमने-सामने उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उदाहरण के लिए, देखभाल योजनाएँ विकसित करने, देखभाल-संबंधी मुद्दों के बारे में परिजनों के साथ ताल-मेल करने और अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ एपॉइंटमेंट्स की व्यवस्था करने जैसी गतिविधियों को देखभाल मिनटों में शामिल किया गया है।

चूंकि देखभाल मिनटों के लक्ष्य सभी निवासियों के लिए औसत रूप में दिए गए हैं, इसलिए कुछ लोगों को अधिक देखभाल समय मिल सकता है, और कुछ अन्य को अपनी व्यक्तिगत देखभाल व नैदानिक आवश्यकताओं के आधार पर कम समय मिल सकता है।

## वृद्ध देखभाल गृह अपने देखभाल मिनट लक्ष्यों की गणना कैसे करते हैं?

वृद्ध देखभाल गृह हरेक 3 महीनों (या वर्ष की हरेक तिमाही) में अपने देखभाल मिनट लक्ष्यों की गणना करते हैं। ये पिछले 3 महीनों के लिए गृह में रहने वाले लोगों की देखभाल आवश्यकताओं पर आधारित होते हैं। इसका अर्थ है कि गृहों के लिए हरेक तिमाही में अलग-अलग लक्ष्य होंगे। आप, और साथ ही आपके परिजन व देखभालकर्ता, हमारी वेबसाइट के डेटा खंड में अपने गृह के वर्तमान देखभाल मिनट लक्ष्य देख सकते/ती हैं: www.health.gov.au/resources/collections/care-minutes-and-247-registered-nurse-responsibility-resources#data

## मैं कैसे देख सकता/ती हूँ कि मेरा गृह अपने देखभाल मिनट लक्ष्यों को पूरा कर रहा है?

देखभाल मिनट लक्ष्यों की डिलीवरी को हरेक वृद्ध देखभाल गृह की Staffing Star Rating के हिस्से के रूप में मापा जाता है। आप इस वेबपेज पर Staffing Star Rating टैब में My Aged Care 'Find a Provider' टूल के माध्यम से अपने गृह की Staffing Star Rating के साथ-साथ गृह के लक्ष्यों की तुलना में वहाँ उपलब्ध कराए गए देखभाल समय की मात्रा देख सकते/ती हैं: myagedcare.gov.au/find-a-provider

यह जानकारी हरेक तिमाही समाप्त होने के लगभग 4 महीने बाद अपडेट की जाती है। आप इसे हमारी वेबसाइट पर यहाँ भी देख सकते/ती हैं: https://www.health.gov.au/resources/publications/service-level-care-minutes-performance-in-residential-aged-care-from-october-2023

## यदि मेरे वृद्ध देखभाल गृह में पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं, तो क्या होगा?

ऑस्ट्रेलिया में ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों जैसे कुछ हिस्सों में स्थित वृद्ध देखभाल गृहों को उतने देखभालकर्मी मिल पाना कठिन हो सकता है, जितनी उन्हें आवश्यकता है। सरकार सभी वृद्ध देखभाल गृहों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि उन्हें और अधिक देखभालकर्मी हासिल कर पाने में सहायता मिल सके। और अधिक जानकारी प्राप्त करें: health.gov.au/topics/aged-care-workforce/what-were-doing.

## यदि मुझे अपने वृद्ध देखभाल गृह में स्टाफिंग के बारे में चिंता हैं, तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आप अपने वृद्ध देखभाल गृह के लिए रिपोर्ट किए गए देखभाल मिनटों की सटीकता के बारे में चिंतित हैं, तो आप हमें ANACCReportingAssessments@health.gov.au पर ईमेल भेज सकते/ती हैं।

Aged Care Quality and Safety Commission वृद्ध देखभाल गृहों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता के संरक्षण में सहायता करता है। यदि प्रदान की जा रही देखभाल के बारे में कोई चिंताएँ मौजूद हैं, तो यह आयोग उत्तर देगा। यदि आप अपने वृद्ध देखभाल गृह में स्टाफिंग या अन्य किसी भी मुद्दे के बारे में चिंतित हैं, तो आप आयोग की वेबसाइट agedcarequality.gov.au/making-complaint पर जाकर या 1800 951 822 पर कॉल करके उनके पास शिकायत जमा कर सकते/ती हैं। शिकायतें खुली, गोपनीय या गुमनाम रूप में हो सकती हैं।

## आइए साथ-मिलकर वृद्ध देखभाल को बदलते हैं

हम ऑस्ट्रेलियावासियों को वृद्ध देखभाल सुधारों के बारे में अपनी राय प्रकट करना जारी रखने के लिए आमंत्रित करते हैं।

**agedcareengagement.health.gov.au** पर जाएँ।

फोन **1800 318 209** (वृद्ध देखभाल सुधार नि:शुल्क कॉल फोन लाइन)

अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं के लिए 131 450 पर कॉल करें और 1800 318 209 के लिए निवेदन करें।

National Relay Service का उपयोग करने के लिए उनकी वेबसाइट nrschat.nrscall.gov.au/nrs पर जाकर अपना पसंदीदा एक्सेस पॉइंट चुनें या NRS Helpdesk को 1800 555 660 पर कॉल करें।